**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार चरम की ओर अग्रसर– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नाहन और मंडी में करेंगे दो चुनावी रैलियां।
- केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा– हमीरपुर मैडिकल कॉलेज भाजपा की देन– सुक्खू कर रहे हैं झूठा श्रेय लेने का प्रयास।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– नोटों के दम पर सत्ता हथियाने वाली भाजपा को मतदाता एक जून को सिखाएंगे सबक।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा– भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज पहले से अधिक प्रासंगिक।

---

**चुनाव प्रचार**

प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम की ओर बढ़ रहा है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के एक दिवसीय चुनावी दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वह नाहन और मंडी में भाजपा की विजय संकल्प रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री पहले सुबह 9 बजे सिरमौर ज़िला मुख्यालय नाहन के चौगान मैदान में शिमला संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप और इसके बाद 11 बजे मंडी के पड्डल मैदान में पार्टी उम्मीद्वार कंगना रनौत के पक्ष में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों को लेकर भाजपा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। दोनों ही रैलियों को सफल बनाने और अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए पार्टी ने अपने तमाम पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व गृह मंत्री अमित शाह भी 25 मई को प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। अमित शाह हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत मेला ग्राउंड अम्ब और धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। पार्टी के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने शिमला में कहा कि पहले प्रधानमंत्री और फिर उसके बाद गृह मंत्री की चुनावी रैलियों से पार्टी कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार होगा। दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 26 मई को शिमला संसदीय सीट के तहत नाहन और हमीरपुर संसदीय सीट के तहत ऊना में चुनावी जनसभाएं करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे 25 मई

को शिमला के रोहड़ू में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी महासचिव प्रियंका वाड्रा 27 से 30 मई तक मंडी, शिमला और सोलन ज़िलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत को हिमाचल के लोग बेताब है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि अपने प्रिय नेता को देखने व सुनने के लिए भारी संख्या में लोग नाहन और मंडी आ रहे हैं। उन्होंने मंडी में प्रधानमंत्री की रैली के प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है और आज राज्य में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी आपदा के समय प्रदेश के लोगों के साथ खड़े रहे हैं और एक–एक जीवन बचाने के लिए हरंसभव प्रयास किए।

## अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हमीरपुर मैडिकल कॉलेज भाजपा की देन है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की या तो याद्दाश्त कमजोर है या फिर उन्हें भाजपा के किए कामों का श्रेय लेने का रोग लग गया है। अनुराग ठाकुर ने आज सुजानपुर और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मैडिकल कॉलेज का झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर अपरिपक्व राजनीति का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि 16 महीने के शासनकाल में सुक्खू कुछ नहीं कर पाए और लोगों के आक्रोश से बचने के लिए अब भाजपा द्वारा किए कार्यों को अपना बताने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने सुक्खू को सलाह दी कि वह कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव में दी गई गारंटियों को पूरा करने का सच लोगों को बताए।

## हर्षवर्धन चौहान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केवल चुनाव के समय हिमाचल की याद आती है और वह केवल वोट मांगने यहां आते हैं। दोनों नेताओं ने आज शिमला में एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रधानमंत्री हिमाचली व्यंजनों की बातें कर वोट की राजनीति करते हैं लेकिन उन्हें हिमाचल से कोई भावनात्मक लगाव नहीं है। अगर ऐसा होता तो वह आपदा के समय हिमाचल आकर प्रभावितों का हाल ज़रूर जानते। दोनों नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने न तो आपदा में हिमाचल की मदद की और न ही सेब पर आयात शुल्क तीन गुणा बढ़ाने का वायदा पूरा किया।

## विक्रमादित्य सिंह

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। विक्रमादित्य सिंह ने आज नाचन विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर कंगना रणौत अपने–आपको मंडी की बेटी बताकर वोट मांग रही है वहीं दूसरी ओर

ऐसी भाषा बोल रही है जो यहां की बेटियों की नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि कंगना रणौत प्रदेश की संस्कृति और महिला समाज का अपमान कर रही है जो दुखदायी है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि भाजपा का ऑपरेशन लोटस प्रदेश में विफल हो चुका है और कांग्रेस सरकार पूरे पांच साल काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंब में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नोटों के दम पर सत्ता हथियाना चाहती और उसे सबक सिखाने के लिए एक जून सही समय है। उन्होंने कहा कि मौजूदा चुनाव सरकार का नहीं बल्कि जनता है और इससे प्रदेश की भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा तय होगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से भी पार्टी विचारधारा से ऊपर उठकर वोट डालने की अपील की। उन्होंने नादौन विधानसभा क्षेत्र के दंगड़ी में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार प्रदेश का खजाना खाली कर गई थी। इस कारण उन्हें सत्ता संभालते ही भारी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं आज पहले से अधिक प्रासंगिक है क्योंकि हम आधुनिक दुनिया की जटिलताओं से जूझ रहे हैं जो अक्सर संघर्ष, गलतफहमी और भौतिकवाद से भरा है। राज्यपाल आज शिमला के पंथाघाटी स्थित दोर्जे डक बौद्ध बिहार में बुद्ध जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इस समारोह का आयोजन किन्नौर, लाहौल स्पीति बौद्ध सेवा संघ, शिमला और भारत–तिब्बत मैत्री संघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। राज्यपाल ने कहा कि भगवान बुद्ध की करूणा, शांति और आत्मज्ञान की शिक्षाएं सदियों, संस्कृतियों और सीमाओं को पार कर लाखों लोगों को आंतरिक शांति और सार्वभौमिक भाईचारे का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं हमें मौजूद परिपेक्ष में सहिष्णुता, सहानुभूति और पारस्परिक सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती है। राज्यपाल ने इस मौके पर सहायक प्रोफैसर डॉक्टर श्रवण कुमार और तिब्बत समुदाय के भिक्षु शेडूप वांग्यल को भारत तिब्बत मैत्री सम्मान 2024 से सम्मानित किया।

**धूमल**

पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने हमेशा ही गरीब, वंचित और पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए काम किया है। धूमल ने आज हमीरपुर में एक बयान में कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस और गांधी परिवार का चरित्र हमेशा शोषितों और वंचितों के खिलाफ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी हार सामने देख संविधान का नाम लेकर लोगों में झूठ और भ्रम फैला रहे हैं लेकिन जनता उनकी सच्चाई जान चुकी है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया है कि 4 जून के बाद देश में इंडी गठबंधन का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि हिमाचल में इंडी गठबंधन का कोई प्रभाव नहीं

है। भाजपा अध्यक्ष ने नाहन में कल होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली के प्रबंधों का जायजा लेने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस देश में इंडी गठबंधन का नेतृत्व ज़रूर कर रही है लेकिन किसी भी दल ने कांग्रेस को अपना नेता नहीं माना है। बिंदल ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और पैसे की बर्बादी के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इस सरकार से परेशान है और इससे जल्द छुटकारा चाहती है।

**इंडी गठबंधन**

इंडी गठबंधन के नेता व कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने कहा है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हरीश जनारथा ने आज शिमला में गठबंधन की एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल लोकतंत्र का बचाने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सभी नीतियां लोकतंत्र विरोधी है और उसने केन्द्र में अपने 10 वर्षों के शासनकाल में संविधान व संघीय ढांचे पर हमला किया है। हरीश जनारथा ने कहा कि भाजपा ने विभिन्न राज्यों में विरोधी दलों की सरकारों को अस्थिर करने के लिए धन, बल और जांच एजैंसियों का दुरूपयोग किया।

**समदो मार्ग**

भारी बर्फबारी के कारण लगभग 6 महीने से बंद लाहौल स्पीति का समदो–काजा–ग्राम्फू मार्ग जल्द ही यातायात के लिए बहाल होगा। सीमा सड़क संगठन ने 25 मई तक इस सड़क से बर्फ हटाने का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है। सीमा सड़क संगठन के अधिकारी बी.डी. धीमान ने कहा कि इन दिनों संगठन के अधिकारी व कर्मचारी हर रोज 12 से 14 घंटे सड़क से बर्फ हटाने का कार्य कर रहे हैं, इनमें हिमखंड भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मनाली की ओर से रोहतांग दर्रे तक सड़क से बर्फ हटाने का कार्य पूरा कर लिया है जबकि कोकसर की ओर से मात्र दो किलोमीटर सड़क से बर्फ हटाने का कार्य शेष है। सीमा सड़क संगठन ने अप्रैल महीने में इस सड़क से बर्फ हटाने का कार्य आरंभ किया था लेकिन इस दौरान अधिकांश समय बर्फबारी और मौसम खराब रहने का कारण बर्फ हटाने का कार्य प्रभावित हुआ। ऐसे में विधानसभा और लोकसभा के प्रत्याशियों व पार्टी कार्यकर्ताओं और चुनाव डयूटी दे रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को लाहौल व स्पीति के बीच अत्यधिक लंबा सफर तय करना पड़ रहा है।